दैनिक

WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news

mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 52 मेरठ, शनिवार 04 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......




# राज्यपाल ने मैनपुरी में कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज जनपद मैनपुरी भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर लो टन्नल पश्चली हाउस, पोषक वाटिका, नेटध्शेड हाउस, वर्मी कम्पोस्ट, नेडफ हाउस, एजोला यूनिट, मेडिशनल यूनिट तथा अश्वर्गेनिक यूनिट सहित सभी आठ यूनिट्स का निरीक्षण किया। बागवानी वैज्ञानिक डश्व विकास रंजन चौध ारी ने राज्यपाल जी को केंद्र पर संचालित सभी यूनिट्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि मेडिशनल यूनिट में केंद्र पर आठ प्रकार की तुलसी तथा अजोला यूनिट में धान के खेत तथा पशुओं के चारे में मिलाया जाने वाला पोषक उत्पाद उपलब्ध है। राज्यपाल जी ने पोषक वाटिका में होने वाले किचेन उत्पादों और उनके जन-उपयोग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र पर औषधीय पौधों को विकसित किया जाए, जिनका प्रयोग कोरोना जैसी घातक बीमारियों के विरु) शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में किया जा सके। राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केंद्र पर महिला कृषकों तथा नयी तकनीक अपनाकर अपनी आय बढ़ाने वाले प्रगतिशील किसानों से भेंट कर उनकी खेती तथा उत्पादों की जानकारी ली। राज्यपाल जी ने कृषि विज्ञान केंद्र में लाल चंदन का पौधा भी रोपित किया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने ट्रांजिस्ट हश्वस्टल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित 06 समूह की महिलाओं को 39 लाख रु. के ;ण स्वीकृति पत्र उपलब्ध कराते हुए समूह की महिलाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि समूह की महिलाओं ने समूह के माध्यम से अपने परिवार, समाज, प्रदेश, देश की प्रगति में योगदान दिया है, आज प्रदेश में बड़ी संख्या में महिलाएं समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसके उपरान्त राज्यपाल जी आंगनवाड़ी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुई और 6 वर्ष तक के बच्चों, बालिकाओं, जननी और धात्री महिलाओं को उचित पोषण के प्रति जागरूक करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी गांव के समस्त स्वास्थ्य कार्यक्रमों से जुड़ी रहती है, इसलिए उसे उचित पोषण और इसकी आवश्यकता की जानकारी होती है, जिसे बताकर वो लोगों को पोषण के प्रति जागरूक कर सकती हैं। राज्यपाल जी ने कहा कि इस माह दिनांक 01 से 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय स्तर पर पोषण माह के रूप में मनाया जा रहा है। केन्द्र सरकार ने इस जन अभियान को वर्ष 2018 में संतुलित आहार के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रारम्भ किया था, जिसे हम प्रतिवर्ष सितम्बर माह में पोषण सप्ताह और पोषण माह के रूप में आयोजित करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने 15 आंगनवाड़ी केन्द्रों के बच्चों के उपयोगार्थ फर्नीचर एवं खिलौनों तथा अन्य सामग्री का वितरण भी किया। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल मैनपुरी के नुमाइश पंडाल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुई और समारोह में 72 नवविवाहित दम्पतियों को सुखद एवं स्वस्थ वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आबकारी, मद्य निषेध मंत्री राम नरेश अग्निहोत्री, जिलाधिकारी महेन्द्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार, जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान, क्षेत्रीय उपाध यक्ष आलोक गुप्ता, उप जिलाधिकारी भोगांव सुधीर कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# रंछाड़ के एथलीट इलमचंद ने जीता कांस्य पदक



**मेरठ दर्पण-बागपत।** रंछाड़ गांव के वयोवृद्ध एथलीट इलमचंद इंसा ने इंटरनेशनल योगा चौंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। नेशनल योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन एवं नेहरू युवा केंद्र संगठन के तत्वाधान में बैंगलुरु के आरआर नगर स्थित एसजीएस इंटरनेशनल योगा फाउंडेशन कालेज एवं रिसर्च सेंटर द्वारा 19 जुलाई को इंटरनेशनल योगासन एवं स्पोर्ट्स चौंपियनशिप कराई गई। जिसमें 500 से अधिक प्रतिभागियों ने अपना योग कौशल दिखाया। वर्चुअल अश्वनलाइन आयोजित हुई इस चौंपियनशिप में रंछाड़ गांव के 88 वर्षीय इलमचंद इंसा ने 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में भाग लिया। जिसका आयोजको ने एक सप्ताह पूर्व रिजल्ट घोषित किया। जिसमें इलमचंद ने कांस्य पदक जीत कर प्रतिभा का लोहा मनवाया।आयोजक नेशनल योगासन फेडरेशन द्वारा विजेता प्रतिभागियों को मेडल, शाल व प्रमाण पत्र देकर पुरस्- त किया गया। पदक जीतने पर ग्राम प्रधान अंतुरत चौधरी, मास्टर सहेंद्र सिंह, समरपाल प्रधान, देवेंद्र प्रधान, एसआई ओमवीर तोमर, सुधीर तोमर, रविंद्र हट्टी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# शशांक मलिक को भाजपा युवा जिलाध्यक्ष बनाने का जबरदस्त विरोध

**विपुल जैन**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शशांक मलिक को भाजपा युवा मोर्चा बागपत का जिला अध्यक्ष बनाते ही जनपद में इसका जबरदस्त विरोध शुरू हो गया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके नाम पर घोर आपत्ति व्यक्त की है और पार्टी हाईकमान को मामले से अवगत कराते हुए शशांक मलिक को जल्द से जल्द पद से हटाये जाने की मांग की है। पार्टी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है और पैसे वाले व चापलूसी करने लोगों को तरजीह दी जा रही है। कहा कि शशांक मलिक कभी ना तो पार्टी की बैठक में नजर आते और ना ही किसी गोष्ठी व सम्मेलन में। केवल इतना ही नही उनका नाम युवा जिलाध



यक्ष पद के लिए भी किसी भी लिस्ट में था ही नही। जिन लोगों के नाम जनपद भाजपा पार्टी हाईकमान द्वारा ऊपर भेजे गए थे, उन सभी नामों को नजर अंदाज कर शशांक मलिक को भाजपा युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है, क्योंकि महज सिर्फ इस वजह से कि वे अमीनगर सराय के पूर्व चेयरमैन अनिल मलिक के बेटे हैं। कहा कि उनकी नियुक्ति पार्टी की नीतियों के एकदम खिलाफ है। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर हुआ है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि जल्द से जल्द शशांक मलिक को भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद से नहीं हटाया गया तो इसका खामियाजा पार्टी हाईकमान को आगामी विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। साथ ही वह भी पार्टी से इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। उधर, भाजपा जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह का कहना है कि जिन लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, वह भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं और किसी भी तरह का कोई विरोध नहीं है। जबकि शशांक मलिक का कहना है कि जो लोग उनका विरोध कर रहे हैं, वह उनका निजी स्वार्थ है। वह भाजपा के हर कार्यक्रमों में सक्रिय रहते है और पार्टी के लिए पूरी दिल और जान के साथ काम करते हैं।

# राजस्नेह ग्रुप के निदेशकों के घर और प्रतिष्ठान पर सीबीआई का छापा

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के बड़े व्यापारिक समूह में शामिल राजस्नेह के निदेशकों के यहां आज सुबह सीबीआई का छापा लगा। सीबीआई की कई टीमों ने एक साथ निदेशकों के ठिकानों पर चार जगह छापेमारी की। राजस्नेह के निदेशकों पर करोड़ों रुपये का लोन कराने के नाम पर फर्जी कागज लगाने का आरोप है। छापेमारी की कार्रवाई में सीबीआई घर के अंदर से कागजात तलाश रही है। सीबीआइ की छापेमारी से मेरठ के अन्य व्यापारिक समूहों में खलबली मच गई है। राजस्नेह से जुड़े कारोबारी भी अपने प्रतिष्ठान बंद कर भूमिगत हो गए हैं। छापेमारी में स्थानीय पुलिस की मदद सुरक्षा की ष्टि से ली गई है। हालांकि पुलिस कर्मियों या पुलिस अधिकारियों को छापेमारी की कार्रवाई से सीबीआई के अधिकारियों ने अलग रखा है। गौरतलब है कि राजस्नेह पर अपनी बकाया रकम के लिए बैंक भी पहले की कार्रवाई कर चुका है। राजस्नेह के दिल्ली रोड स्थित शोरूम को बैंक ने कानूनी कार्रवाई कर सील लगवा दी थी। सीबीआइ की टीम ने निदेशकों के घर पर



एकसाथ सुबह 8 बजे छापेमारी की कार्रवाई की। राजस्नेह के निदेशक अशोक जैन के आवास सूर्य प्लेस, मनोज गुप्ता के आवाज सदर बाजार और अनिल जैन के वर्धमान फ्लोर मिल मोहकमपुर और अशोक जैन के पुराने आवास प्रेमपुरी में सीबीआइ की टीम ने एक साथ सुबह 8 बजे छापा मारा है। सीबीआई की टीम चारों जगह एकसाथ पहुंची और घर के भीतर सभी परिजनों को एक जगह एकत्र कर उनको ड्राइग रूम में बैठा दिया गया। इस दौरान सीबीआई की टीम ने परिजनों के मोबाइल फोन भी अपने कब्जे में ले लिए। टीम ने परिजनों से लोन संबंधी कागजातों के बारे में भी पूछताछ की। बताया जाता है कि कई कार कंपनी के डीलर रहे राज स्नेह फर्म ने करोड़ों का लोन फर्जी कागजों पर लिया हुआ है। जिसे लेकर सीबीआइ की छापेमारी हुई है। सीबीआई की टीम निदेशकों के घर से कागजात तलाश रही है। पुलिस ने आसपास के इलाके को भी पूरी तरह से सील कर दिया है। जिससे कि कोई भी व्यक्ति छापेमारी में बाधा न उत्पन्न कर सके।

# डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन ने शिक्षक से लेकर राष्ट्रपति पद को किया था सुषोभित

**विपुल जैन**

**बागपत।** गुरू गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पांव, बलिहारी गुरू आपने, गोविन्द दिये बताये। कबीरदास जी ने गुरू के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए ये पंक्तियां भले ही 14वीं सदी में लिखी हो, लेकिन हम गुरू को हमेशा पूज्य मानते है। प्राचीन समय से ही गुरू का स्थान सर्वोपरि रहा है। जो छात्र गुरू का सम्मान करता है, वह हमेशा ही उच्च स्थान को प्राप्त करता है। द्रोणाचार्य शिष्य- अर्जुन ;षि संदीपनी शिष्य-योगीराज श्री ष्ण, परशुराम शिष्य-कर्ण आदि इसके अनेक उदाहरण है। अलग-अलग क्षेत्रों में शिक्षकों के योगदान को सराहने व सम्मानित करने के लिए पूरे देश में 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। वेदान्तिक इंटरनेशनल स्कूल अमीनगर सराय की प्रिंसिपल सुधा शर्मा ने बताया कि दरअसल, देश के दूसरे राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधा ष्णन का जन्म 5 सितम्बर वर्ष 1888 ई को तमिलनाडू के तिरूतानी गांव में हुआ था। इनके पिता का नाम सर्वपल्ली वीरा स्वामी तथा माता का नाम सीतम्मा था।



इन्होंने काशी विश्वविद्यालय बनारस से शिक्षक के रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत की और उसके बाद देश के राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया। डॉ राधा ष्णन कई विषयों के ज्ञाता, दार्शनिक व शिक्षक भी थे। जब वह राष्ट्रपति बन गए तो 5 सितम्बर को कुछ पूर्व छात्र उनका जन्म दिन सेलिब्रेट करने के लिए उनके पास गए। उन छात्रों से उन्होंने कहा कि आप मेरा जन्म दिन सेलिब्रेट करने के बजाये इस दिन को शिक्षक दिवस के रूप में सेलिब्रेट करें। तभी 5 सितम्बर वर्ष 1962 से देशभर में शिक्षक दिवस मनाया जाने लगा। इस दिन देशभर के छात्र अपने प्रिय शिक्षक के प्रति आभार प्रकट करते है।

## कमल मित्तल उपाध्यक्ष ओर मंयक वर्मा बने मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य रोहित आनंद ने किया विरोध



मयंक वर्मा, कमल मित्तल, रोहित आनंद व कमल मित्तल का स्वागत करते समाजसेवी अर्पित गर्ग

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष अंकुर कुशवाहा ने आज अपनी 31 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित की जिसमे कंकर खेड़ा निवासी कमल मित्तल को महानगर उपाध्यक्ष,मयंक वर्मा को महानगर मंत्री नियुक्त किया। कमल मित्तल के महमगर उपाध्यक्ष बनने पर समाजसेवी अर्पित गर्ग व विवेक गुप्ता ने कमल को बधाई दी। नई कार्यकारिणी की घोषणा होते ही शुरू हुआ विरोध। महानगर में कार्यकारिणी सदस्य पद पर एबीवीपी के रोहित आनंद को नियुक्त किया जिसके बाद रोहित आनंद ने इस जिम्मेदारी को लेने से मना करते हुए सोशल मीडिया पर विरोध कर दिया। रोहित का कहना है कि संगठन में नए नए चेहरों को मुख्य पदो पर लाया जा रहा है और संगठन में वर्षो से कार्य कर रहे कार्यकर्ताओ को मात्र कार्यकारिणी सदस्य पद दिया जा रहा है जो गलत है और इसका विरोध करना जरूरी है।

## 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओ के वोट बनाने के लिए करें प्रेरितः मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 अजय कुमार शुक्ला ने आज प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्सिंग कर निर्वाचक नामावलियों, स्वीप गतिविधियों आदि विषयो पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि आगामी 05 जनवरी 2022 को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। उन्होने कहा कि 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे सभी युवाओ के वोट बनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाये व उनके मतदाता पहचान पत्र बनाये जाये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि पोस्टर बैलेट पेपर के माध्यम से 80 वर्ष की आयु से अधिक के व्यक्तियो व पीडब्लूडी द्धदिव्यांग मतदाता व्यक्तिऋ को डाक मतपत्र द्वारा मतदान की सुविधा दी जायेगी। उन्होने इसकी सूची बनाकर उसका सत्यापन करने के निर्देश दिये। उन्होने स्वीप गतिविधियो के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने के लिए कहा तथा निर्वाचक नामावली में ईपी रेशो, जेन्डर रेशो का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार ने कहा कि मतदाता पंजीकरण केन्द्र के कार्यो का निरीक्षण करें तथा प्रत्येक दिन एडिशन, डिलीशन आदि का स्टेटस ईआरओ स्वयं देखे। उन्होने कहा कि मतदेय स्थल द्धबूथऋ के एडिशन व डिलीशन पर ध्यान दें क्योकि इस मामले में भारत निर्वाचन आयोग बहुत संजीदा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश चन्द्र रॉय ने कहा कि स्वीप गतिविधियों में ई-टू-ई द्धइलेक्ट्रोरल टू इलेक्शनऋ पर जोर दिया जाये। उन्होने मीडिया के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने, मीडिया ब्रीफिंग करने, सोशल मीडिया के माध्यम से भी स्वीप गतिविधियो का प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी अवनीश कुमार, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश चन्द्र रॉय, मेरठ से जिलाधिकारी के0 बालाजी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन सत्य प्रकाश सिंह, एसीएम संदीप श्रीवास्तव, चन्द्रेश सिंह, एसडीएम सरधना अमित कुमार भारतीय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनेश कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुयी जनपदीय विकास कार्यो की बैठक



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** विकास भवन सभागार में जनपदीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी के0 बालाजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह विकास कार्यो को गति दे तथा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुये निर्माण कार्यो को समय अंतर्गत पूर्ण कर जनउपयोगी बनाये। उन्होने विद्युत विभाग की झटपट योजना में कुछ विद्युत कनेक्शन समयसीमा के उपरांत लगने पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुये संबंधित विद्युत अभियंता व कर्मी के विरू) कार्यवाही करने के लिए उनकी ओर से एक पत्र एमडी पीवीवीएनल को लिखने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्युत विभाग सरकारी अस्पतालो के विद्युत कनेक्शन के विच्छेदन से पूर्व उन्हें पहले सूचित करे। उन्होने कहा कि कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम में अत्याधुनिक शूटिंग रेंज का निर्माण रू0 865.34 लाख की लागत से कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि यह शूटिंग रेंज सभी अत्याधुनिक सुविधाओ से युक्त होगी। मुख्य विकास अधिकारी शशांक चोधरी ने बताया कि हस्तिनापुर में रू0 892 लाख की लागत से राजकीय महाविद्यालय बनाया जा रहा है, जिसका करीब 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है तथा इसके लिए प्रथम किस्त रू0 1.25 करोड़ कार्यदायी संस्था आवास विकास को प्राप्त हो चुकी है। उन्होने बताया कि जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दांतल का निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर अभी फीनिंशिग का कार्य चल रहा है। उन्होने कार्य को अक्टूबर 2021 तक पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्था आवास विकास को दिये। उन्होने अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह आगामी 20 सितम्बर तक आनलाईन पोर्टल पर अपनी रैकिंग में सुधार करें। उन्होने बताया कि जनपद में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कपसाड़ का निर्माण कार्यदायी संस्था आवास विकास परिषद द्वारा किया जा रहा है। उन्होने यह कार्य सितम्बर माह में ही पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायीं संस्था को दिये। उन्होने बताया कि जनपद के कैलाश प्रकाश स्पोर्टस स्टेडियम में शूटिंग रेंज को अत्याधुनिक शूटिंग रेंज बनाया जा रहा है। यह कार्य 28 अगस्त 2021 से प्रारंभ हो चुका है। कार्य की कुल लागत रू0 865.34 लाख है। इसके लिए रू0 01 करोड़ का बजट का आवंटन कार्यदायीं संस्था राजकीय निर्माण निगम को हो चुका है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य विभिन्न योजनाओ पर विस्तार से चर्चा हुयी व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन सहित अन्य विभागीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत कर्मचारी की करंट की चपेट में आने से मौत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जिले के थाना मवाना क्षेत्र के गांव मटौरा में बैंककर्मी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। घर पर कूलर व फ्रीज चालू करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। इस दौरान करंट लगने से बैंककर्मी सत्येंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को मर्चरी हाउस भेज दिया। कार्यवाहक एसओ अवधेश कुमार ने बताया शव को रात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उक्त गांव निवासी बैंककर्मी सतेंद्र 35 वर्ष पुत्र भगवत प्रसाद घर पर कूलर व फ्रीज चालू करने के लिए बिजली का तार जोड़ रहा था। इस दौरान करंट लगने से सत्येंद्र गंभीर रूप से झुलस गया। स्वजन गंभीर अवस्था में उसे सीएससी मवाना लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को मर्चरी हाउस भेज दिया। कार्यवाहक एसओ अवधेश कुमार ने बताया शव को रात में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सतेंद्र ने गांव में मकान का नव निर्माण कराया है। कुछ हिस्से में अभी फिटिंग इत्यादि कार्य भी नहीं हुआ है। वह कूलर चलाने के लिए बिजली का तार छीलकर लगा रहा था कि उसी दौरान वह करंट की चपेट आ गया और करंट प्रवाहित तार पर गिर पड़ा। जिससे उसकी मौत हो गई। वह आईसीआईसीआई बैंक में था। कार्यरत मृतक सतेंद्र मेरठ के आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत था और वर्तमान में एटीएम में नकदी जमा करने का कार्य में लगा हुआ था।

## भारतीय संस्कृति में संचार के अनेक सूत्रः डॉ. साकेत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** हमारे संचार के बहुत से माध्यम वैदिक काल से हैं, लेकिन हमने यह मान लिया कि पश्चिम में जो लिखा गया या किया गया वही संचार का माध्यम था। जबकि हमारे यहां ब्रह्म नाद संचारण अक्षर अनेको अवधारणाएं वैदिक काल से मौजूद है जैन संचार परंपरा बौद्ध संचार परंपरा भी हमारी पुरातन काल से मौजूद है। लेकिन हम मानसिक गुलामी में आज भी जी रहे हैं। भारतीय संस्कृति अनेक शोध विज्ञान आदि की जननी रही है।ष यह बात पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संगोष्ठी में महात्मा गांधी केंद्रीय महाविद्यालय मोतिहारी से आए डॉ. साकेत रमण ने कही। डॉ. साकेत रमण ने कहा कि हम आज भी मानसिक गुलामी के दौर में जी रहे हैं हमने पाश्चात्य सिद्धांतों के संचार मॉडल और सिद्धांतों को प्रमुखता दी परंतु प्राचीन भारतीय संचार सिद्धांतों को महत्व नहीं दिया भरत मुनि की संचार अवधारणा रस,भाव ,छंद आदि के महत्व को नहीं समझा। हम कालिदास को भारत का शेक्सपियर कहते हैं, जबकि कालिदास शेक्सपियर से सदियों पूर्व जन्म में थे। भारतीय संस्कृति में संचार के कई क्षेत्र हैं महाभारत इसका साक्षात उदाहरण है हमने अपनी मौलिक परंपराओं को छोड़ दिया संचार की विद्या को लेकर कोई सार्थक कार्य नहीं किया । हमे जो मिला वही अपनाया। संचार के सूत्र प्रारंभ काल से ही भारतीय संस्कृति में स्थापित है लेकिन हमने पश्चिम की सभ्यता को माना व अपनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के निदेशक प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने कहा कि यदि संचार को समझना है तो भारतीय संस्कृति को समझना होगा, वेद उपनिषद रामायण महाभारत आदि को पढ़ना होगा, तब हमें समझ में आएगा कि भारतीय संस्कृति में संचार की परंपरा प्राचीन काल से है भारतीय संस्कृति हमेशा से श्रेष्ठ रही है। प्रोफेसर प्रशांत कुमार ने सभी का स्वागत किया। डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन सौम्या ने किया। इस दौरान अमरीश पाठक प्रशासनिक अधिकारी मितेंद्र कुमार गुप्ता, राकेश कुमार, रूपेश दीक्षित, ज्योति वर्मा, राजीव आदि मौजूद रहे।

## केंद्रीय विद्यालय सिख लाइन मेरठ कैंट मैं राष्ट्रीय खेल दिवस का ऑनलाइन आयोजन किया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय खेल दिवस की शुरुआत विद्यालय के खेल शिक्षक राजीव चौधरी के द्वारा किया गया ,जिसमें उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त ऋका महत्व और मेजर ध्यानचंद जी के परिचय पर प्रकाश डालते हुए बच्चों और अभिभावकों को बताया कि घर पर रहकर भी कैसे फिट रहा जा सकता है ,और फिटनेस का बच्चों के जीवन में क्या महत्व है इसके बारे में बताया। इसके उपरांत विद्यालय के प्राचार्य नवल सिंह ने बच्चों को फिट इंडिया मूवमेंट की जानकारी देते हुए बच्चों को बताया की फिटनेस और खेलों का बच्चों के जीवन में बहुत महत्व है,ष फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज ष्स्लोगन के साथ बच्चों को रोजाना एक्सरसाइज और फिटनेस की तरफ ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की कक्षा 11 की छात्रा खुशी ने बच्चों को बताया की कोविड-19 के दौरान घर पर रहते हुए हम अपने आप को कैसे फिट रख सकते हैं। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी अनू कुमार जो मेरठ जिला एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव है और इन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। इन्होंने बच्चों को बताया कि खेलों के द्वारा भी हम अपना कैरियर बहुत अच्छे से बना सकते हैं। बच्चे शाम को कुछ समय निकालकर जरूर अपने पसंद के खेल को खेलें इन्होंने बताया कि एसोसिएशन के द्वारा समय-समय पर स्टेडियम में और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रतियोगिता कराते रहते हैं, जिससे अच्छे बच्चे को अच्छे टैलेंट को ढूंढा जा सके और उनको सही रूप से कोचिंग दी जा सके, जिससे बच्चे अपना कैरियर बनाने के साथ-साथ अपने आप को फिट और अपने समाज को फिट रख सकते हैं! इसके बाद कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के बच्चों को तीन ग्रुप बनाकर ऑनलाइन स्पोर्ट्स क्विज कराई गई और ऑनलाइन ही उनको सर्टिफिकेट दिए गए। कक्षा 1 से 12 तक बच्चों को पोस्टर मेकिंग कंपटीशन कराया गया, जिसमें बच्चों ने मेजर ध्यानचंद जी , राष्ट्रीय खेल दिवस ,और अपने मनपसंद खेल के पोस्टर बनाकर प्रतियोगिता में भाग लिया। अंत में कार्यक्रम का संचालन कर रही कुसुम लता ने बच्चों अभिभावकों विशिष्ट अतिथि अनू कुमार का धन्यवाद ज्ञापन कर आयोजन को समाप्त किया।




**अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यक्रम में व्यापारी दिवस पर व्यापारियों को संबोधित करते हुए सचिन अग्रवाल प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**

# व्यापारी और किसान एक दूसरे के पूरक है: डा राजीव गुप्ता



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** महाराजा अग्रसैन सेवा समिति रजि एवं व्यापारियों द्धारा आयोजित बैठक में व्यापारी वर्ग ने और समिति के सभी पदाधिकारियों ने 5 सितंबर को होने वाली किसान पंचायत का जोरदार समर्थन करने के एलान किया। मुजफ्फरनगर में मेरठ रोड पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि किसान यूनियन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने कहा की 5 सितंबर को होने वाली पंचायत किसान के साथ साथ हर वर्ग के सम्मान की पंचायत है, उन्होंने व्यापारियों के समर्थन के एलान का स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष डा राजीव गुप्ता ने कहा की किसान और व्यापारी एक दूसरे के पूरक होते है किसान यूनियन के द्वारा को अधर्म के खिलाफ युद्ध लड़ा जा रहा है उसमे पूरा व्यापारी वर्ग उनके साथ है। समिति संस्थापक अमित अग्रवाल ने कहा की पंचायत के दिन व्यापारी वर्ग अपनी स्वेच्छा से अपने प्रतिष्ठान बन्द करके बाहर के आगंतुकों के सम्मान में रहेगा। इस अवसर पर कमल मित्तल, अलीगढ़ से किसान नेता विजय तालान, अमित माहेश्वरी, अमित मित्तल, शिवम तायल, विवेक सिंघल, शहीद आलम आदि ने भी बैठक को संबोधित किया

# जिला पंचायत सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला पंचायत सभागार में जिला अधिकारी चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई, जिसमे कोविड संवेदीकरण, ज्वर पीड़ित व्यक्तियों, कोविड एवं क्षय रोगो के लक्षण से युक्त व्यक्तियों, बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती माताओं का पंजीकरण एवं विशेष अभियान के अंतर्गत टीकाकरण कराए जाने एवं डोर टू डोर उक्त सभी व्यक्तियों के लाइन लिस्टिंग कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिकाध्पंचायत को निर्देशित किया कि समस्त वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में विशेष कार्य योजना बनाकर सफाई अभियान, सड़कों के गड्ढों को भरा जाए तथा समस्त स्ट्रीट लाइटों को अभियान चलाकर सही करायी जाएं। इसी के साथ जिला पंचायत राज अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों का निरीक्षण कर सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी सार्वजनिक संपत्तियों



जैसे स्कूल, ग्राम सचिवालय इत्यादि पर नियमित रूप से साफ सफाई, कूड़े का निस्तारण, पेयजल की व्यवस्था एवं कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो पाये तथा बुखार के ष्टिगत समस्त क्षेत्रों में एंटी लार्वा का छिड़काव, फागिंग एवं सेनेटाईजेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाए। इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री आलाके यादव जी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में के प्राईवेट चिकित्सों से संपर्क स्थापित कर अधिक दिनों तक ज्वर से पीडित रहने वाले व्यक्तियों की सूचना प्राप्त कर उनकी भी लाईन लिस्टिंग करा लें तथा 45६ वर्ष से अधिक व्यक्तियों के वैक्सीनेशन हेतु वोटर लिस्ट के माध्यम से परीक्षण कर लिस्टिंग कराना सुनिश्चित करें। साथ ही बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त स्कूलों की साफ-सफाई, भवन की मरम्मत, विद्यालयों में जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हों यह सुनिश्चित कर लें। जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पानी की टंकियों की साफ-सफाई, ब्लीचींग पाउडर एवं हैडपंप में दवाइयों का इस्तेमाल कर इसकी जानकारी ग्रामीणों को भी उपलब्ध करायें। साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह, आजादी का अमृत महोत्सव एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत गोष्ठी, परिचर्चा एवं जागरुकता मिशन के साथ प्रचार-प्रसार भी व्यापक स्तर पर कराया जायें।

# मतदाता सूची में युवा तथा छूटे मतदाताओं के पंजीकरण को प्राथमिकता दी जाए

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अजय कुमार शुक्ला ने सभी जिलाधिकारियोंधजिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए है कि युवा मतदाताओं तथा छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए अपने-अपने जनपदों में जनजागरण अभियान चलाएं। उन्होने कहा कि महिला मतदाताओं का भी पंजीकरण कराने के लिए वृहद अभियान चलाते हुए यूथ वोटर फेस्टिवल जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। श्री अजय कुमार शुक्ला आज लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के समस्त जनपदों के जिलाधिकारियोंधजिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होने कहा महिला मतदाताओं को पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए साथ ही जिन जनपदों में सैना के लोग निवास करते है उनके परिवारों का भी पंजीकरण




कराने की दिशा में ठोस कदम उठाएं जाएं। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि 18 वर्ष से अधिक आयु वाले दिव्यांगजनों का भी पंजीकरण मतदाता सूची के लिए कराया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से जनजागरूकता के साथ ही आम आदमी को भी जागरूक किया जाए। मीडिया से बेहतर तालमेल रखते हुए आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की गतिविधियों को भी साझा किया जाए। उन्होने कहा एनएसएस नेहरू युवा केन्द्र सहित दूसरे स्वयंसेवी संगठनों की मदद से वोटर हेल्प डेस्क बनायी जाए। जहां नये मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी मिल सके। इस अवसर पर एन0आई0सी0 सभागार में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह श्री अमित कुमार अपर जिलाधिकारी प्रशासन जनपद के आर.ओ .ए .आर .ओ.उपस्थित रहे।

# शहर वासी महापंचायत के आयोजन को लेकर सहयोग करते हुए जरूरी कार्य रविवार से पहले ही कर ले, आपात सेवाएं रहेंगी जारीः धर्मेंद्र मलिक मीडिया प्रभारी भारतीय किसान यूनियन

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त मोर्चा की आव्हान पर 5 सितंबर को मुजफ्फरनगर में बुलाई गई किसान महापंचायत अपने आप में एतिहासिक होगी। उम्मीद जाहिर की जा रही है कि इस पंचायत में लाखों किसान जुटेंगे और इससे भी बड़ी बात यह होगी कि इस महापंचायत में देश के हर राज्य का प्रतिनिधित्व होगा। यूपी, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के अलावा कर्नाटक और सुदूर दक्षिण से तमिलनाडू और केरल जैसे राज्यों से भी किसानों की जत्थे आने शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को गाजीपुर बार्डर पर कर्नाटक राज्य रैयत संघ की अध्यक्ष और बड़े षि वैज्ञानिक रहे डा. नजूड़ा स्वामी के बेटी, चूंकि स्वामी अपने समर्थकों के साथ गाजीपुर बार्डर पहुंचीं। आंदोलन स्थल पर भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत से मिलकर उन्होंने काफी देर तक आंदोलन के बारे में चर्चा की और फिर मुजफ्फरनगर के लिए रवाना हो गई। चूंकि स्वामी ने राकेश टिकैत के गांव सिसौली जाने की इच्छा भी जताई। गाजीपुर बार्डर पर शुक्रवार को तमिलनाडू और केरल के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी किसानों के जत्थे पहुंचे, उम्मीद जताई जा रही है कि मुजफ्फरनगर में महापंचायत से एक दिन पहले ही शनिवार को काफी संख्या में किसान पहुंच जाएंगे। दरअसल, देश के दूसरे हिस्सों से आने वाले किसान एक दिन पहले ही अपनी मंजिल पर पहुंच जाना चाहते



हैं ताकि जाम के झाम में फंसने से बच सकें। इस मौके पर राकेश टिकैत ने कहा कि पांच सितंबर की पंचायत को किसान और मजदूर अपनी अस्मिता से जोड़कर देख रहे हैं। महापंचायत में कितने लोग पहुंचेंगे, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि संख्या की बात छोड़ो, मुजफ्फरनगर की पंचायत एतिहासिक होगी। बता दें कि पूरे देश में घूम रहे भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत किसान आंदोलन शुरू होने के बाद अपने गृह जनपद मुजफ्फरनगर की सीमा में नहीं गए हैं। राकेश टिकैत ने बताया कि उन्होंने "बिल वापसी नहीं तो घर वापसी नहीं" का प्रण ले रखा है। इसलिए वह आंदोलन शुरू होने के बाद आज तक मुजफ्फरनगर जनपद की सीमा में नहीं गए। संयुक्त किसान मोर्चा के आदेश पर वह रविवार को मुजफ्फरनगर में बुलाई गई महापंचायत में जरूर पहुंचेंगे, लेकिन अपने घर नहीं जाएंगे। इस महापंचायत एक खास बात यह भी होगी कि अपने बड़े भाई और भाकियू अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत के साथ भी किसान आंदोलन के दौरान राकेश टिकैत पहली बार मंच साझा करेंगे।

**जीआईसी के मैदान में होगी महापंचायत**

5 सितंबर की किसान महापंचायत मुजफ्फरनगर के सबसे बड़े द्धजीआईसी मैदानत्र मैदान में होगी। आसपास के चार मैदानों में भी किसानों के लिए व्यवस्था की गई है। इन सभी मैदानों में महापंचायत के मंच का सीधा प्रसारण करने के लिए बड़े-बड़े स्क्रीन लगाए जा रहे हैं। पूरे शहर में करीब पांच सौ लंगर महापंचायत में पहुंचने वाले किसानों के लिए लगाए जाने की बात कही जा रही है। इनमें से ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगने वाले कुछ लंगर मोबाइल होंगे। महापंचायत के लिए बनाए गए पार्किंग स्थलों में लंगर सेवा रहेगी।

**पांच हजार वालंटियर संभालेंगे व्यवस्था**

राकेश टिकैत ने बताया बाहर से काफी संख्या में किसान-मजदूर इस पंचायत में पहुंचेंगे। इतनी भीड़ के बीच व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौति है। इस चुनौति को देखते हुए पांच हजार वालंटियर तैयार किए गए हैं। इन्हें बाकायदा पूरी पड़ताल के बाद आईकार्ड जारी किए जा रहे हैं। पुलिस के साथ मिलकर वालंटियर व्यवस्था को संभालने में मदद करेंगे। महापंचायत की व्यवस्था में लगे भाकियू मीडिया प्रभारी ध र्मेंद्र मलिक ने बताया रविवार को शहरवासियों से सहयोग की अपील की गई है। जरूरी काम एक दिन पहले ही घ्नपटा लें हालांकि आपात सेवाएं बहाल रहेंगी।

**करीब सौ मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे**

धर्मेंद्र मलिक ने बताया कि दूसरे प्रदेशों से किसानों का मुजफ्फरनगर पहुंचना शुरू हो गया है। लंगर सेवा शुरू कर दी गई है। किसान परिवारों से और किसानी के प्रति लगाव रखने वाले चिकित्सकों और चिकित्सालयों की मदद से करीब सौ मेडिकल कैंप लगाए जाएंगे। एंबुलेंस सेवा की भी व्यवस्था रहेगी। शहर को जाम से बचाने के लिए पार्किंग बनाई गई हैं। किसान पंचायत में आने वाले किसानों से अपने वाहन पार्किंग में लगाकर आयोजन स्थल पर पैदल ही जाने की अपील की गई है। रविवार को शहर में वाहन का इस्तेमाल कम करने की अपील की गई है ताकि व्यवस्था बनाने में सहुलियत हो और जाम की समस्या से बचा जा सके।

**सरकार तारीख बदलने की अफवाह फैला रही : टिकैत**

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा पांच सितंबर की किसान महापंचायत से सरकार डरी हुई और इसे डिस्टर्ब करने का प्रयास कर रही है। सरकार के सिपाहसलार ऐसी अफवाह फैला रहे हैं कि मुजफ्फरनगर में पांच सितंबर को होने वाली पंचायत नौ सितंबर को होगी। इस अफवाह पर ध्यान न दें। मुजफ्फरनगर में किसान पंचायत पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक पांच सितंबर को ही होगी। पंचायत की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर टिकैत ने मुजफ्फरनगर वासियों से अपील की है कि बाहर से आने वाले लोग हमारे मेहमान हैं, उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए सभी सहयोग करें और पूरे देश के सामने मिशाल पेश करें। उन्होंने मुजफ्फरवासियों से कहा है कि आपके रिश्तेदार और जानने वाले आपके घर भी पहुंचेंगे, अपनी परंपरा के मुताबिक हमें मेहमान नवाजी के लिए तैयार रहना है। शहर के दुकानदार भाई भी पंचायत में आने वाले लोगों का ख्याल रखें, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो।

# मुजफ्फरनगर में होने वाली महापंचायत को लेकर भाकियू की तैयारियां जोरों पर, प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में आगामी 5 सितंबर को होने वाली संयुक्त किसान मोर्चे की महापंचायत की तैयारियां जोरों पर है।महापंचयत का आयोजन नगर के राजकीय इंटर कॉलिज के मैदान में होने जा रहा है। यह मैदान लगभग 17 बीघे का हैं,यहाँ पर किसानों के बैठने के लिए समूचे मैदान में टैंट लगाये गये हैं,साथ ही एक बड़ा मंच भी बनाया गया हैं, बताया जा रहा हैं,कि यूपी, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड,राजिस्थान सहित कई राज्यो से किसानों का जन सैलाब इस महापंचायत में पहुचेगा,जिसको देखते हुए आयोजको ने जगह जगह पर किसानों के रुकने और खाने की व्यवस्थाएं भी की हुई हैं। वही दूसरी तरफ पुलिस प्रसाशन ने भी मुजफ्फरनगर में किसान महापंचायत को लेकर अपनी तैयारी की हैं,जिसके चलते पूर्व में मुजफ्फरनगर रहे अफसरों को तैनात




किया गया हैं,मुजफ्फरनगर सहित आसपास के जनपदों में अतिरिक्त IPS की तैनाती की गई हैं, कई नवनियुक्त आईपीएस भी मुजफ्फरनगर में रहेगें,पंचायत को लेकर ADG राजीव सभरवाल और ঌ प्रवीण कुमार भी निगरानी कर रहे हैं, इसके अलावा 6 कंपनी पीएसी,2 कंपनी और महापंचयत को लेकर लगभग 1200 पुलिसकर्मी लगाये गये,जिनमे 4 ASP,15 सीओ,50 थाना प्रभारी,100 इंस्पेक्टर, 250 सब इंस्पेक्टर और 800 सिपाही भी शामिल हैं, लगभग 200 सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन कैमरों से भी चप्पे चप्पे की निगरानी की जायेगी,साथ ही सभी CCTV कैमरों को ऑनलाइन भी किया गया हैं।इस के साथ ही जगह जगह बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉयड को भी पंचायत स्थल पर तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने महापंचायत में आने वाले ने जानकारी देते हुए बताया कि, जनपद में 5 तारीख की होने वाली महापंचायत को लेकर पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार ष्टि बनाई गई है,विभिन्न प्रकार से रेंज का मुख्यालय का जॉन का फोर्स हमें प्राप्त हो रहा है,उनकी ड्यूटीया लगाई जा रही हैं, जो हमारा कार्यक्रम स्थल है,जहां से किसान आएंगे मॉनिटरिंग की जा रही है,ताकि शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम सफल हो किसी तरह की कोई समस्या ना हो कानून व्यवस्था ठीक रहे इन सब चीजों को दे खाते हुए पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी पूरी करता है,सिटी में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं,जिन्हें एक्टिवेट किया जा रहा है,ड्रोन कैमरा से भी निगरानी की जाएगी ,इसके अलावा हमारे पहुंचे वहां पर मोबाइल ड्यूटी पार्किंग ड्यूटी लगाई गई है,पीएससी और आरआरएफ की लगभग 8 कंपनियों में प्राप्त हुई है,जिनकी ड्यूटी लगाई जा रही है। साथ ही इस महापंचायत की तैयारियों के बारे में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि,तैयारी आप लोग देखिए रहे हैं,यह जो 5 तारीख को ऐतिहासिक किसान पंचायत हो रही है, देश में अब तक जितनी भी पंचायतें हुई है,इस देश में उसमें सबसे बड़ी पंचायत यह होने जा रही है ,और उसकी तैयारी में हमारे हजारों साथी पिछले 1 सप्ताह से लगे हुए हैं ,लाखों लोग इसमें बाहर से आ रहे हैं ,हमने प्रत्येक परिवार को कह दिया है ,कि उनके स्वागत के लिए तैयार रहें ,जो बाहर से आ रहे हैं, जो जहां से आएगा वह कहीं भी जाएं किसी भी गांव में जाएं हर घर का दरवाजा उनके स्वागत के लिए खुला रहेगा ,शहर में अनेकों जगह हमने उनके रुकने की व्यवस्था की है ,और 500 से ज्यादा खाने के लंगर यहां शहर में और शहर से बाहर लग जाएंगे

## ग्राम नंगला राई ईदगाह के पास से पुलिस ने जिला बदर अपराधी को तमंचे सहित किया गिरफ्तार



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला राई वाया मुथरा मार्ग स्थित ईदगाह के पास से पुलिस ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है दरअसल चरथावल थाना प्रभारी महेंद्र पाल सिंह को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम नगला राई स्थित ईदगाह के पास एक जिला बदर कहीं जाने की फिराक में खड़ा है सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी के नेतृत्व में हिंडन पुलिस चौकी इंचार्ज जय प्रकाश ने आरोपी तनवीर पुत्र शौकीन उर्फ शौकत को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा भी बरामद किया है पकड़े गए जिलाबदर अपराधी पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।पुलिस ने पकड़े गए जिलाबदर का चालान कर जेल भेज दिया है।



मुजफ्फरनगर जनपद की शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष त्यागी के नेतृत्व में एसएसआई राकेश शर्मा ने शातिर हथियार सप्लायर अनस नाम के व्यक्ति को एक पिस्टल, 1 तमंचे सहित 5 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया, पुलिस ने युवक से पूछताछ के बाद उसे सलाखों के पीछे भेज दिया।

## मिशन शक्ति-जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियानजनपद मुजफ्फरनगर



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** अवगत कराना है कि मिशन शक्ति अभियान फेज-3 के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्रों में पडने वाले गांवों, कस्बों, स्कूलों में महिलाओंध्छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया जा रहा है साथ ही महिलाओंध्छात्राओं को घरेलू हिंसा, बाल अपराध, यौन उत्पीड़न, सेफ-अनसेफ टच आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी जा रही है। शासन-प्रशासन द्वारा महिला उत्थान हेतु चलायी जा रही विभिन्न नीतियों, कल्याणकारी योजनाओं के साथ ही हेल्प लाईन 1090वूमेन पावर लाइन, 181महिला हेल्प लाइन, 108एम्बुलेंस, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थय सेवा की उपयोगिता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है साथ ही सुरक्षा सम्बन्धी सुझावों का भी आदान-प्रदान करते हुए प्रत्येक थाने पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में भी जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

## बेसिक शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक मीरा शर्मा व प्रमोद कुमार एडुलीडर्स सम्मान से सम्मानित




**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह मेंशैक्षिक गुणवत्ता सेमिनार एवम एडुलीडर्स सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रदेश भर के 148 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।इसमें अपने अपने स्कूलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 शिक्षको को ,बेसिक शिक्षा मंत्री श्री सतीश द्विवेदी जी द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें से मुजफ्फरनगर से श्रीमती मीरा शर्मा जूनियर हाई स्कूल नसीरपुरसदर, श्री प्रमोद कुमार प्राथमिक विद्यालय टांडाको सम्मानित किया गया है।

## राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वेक्टर सर्विलेंस छिड़काव जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह व मुख्य चिकित्साधिकारी महावीर सिंह फौजदार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरकाजी ब्लॉक के शेरपुर खादर क्षेत्र के ग्राम चान चक में सघन वेक्टर सर्विलेंस छिड़काव जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया ग्रामीणों को वेक्टर जनित रोगों जैसे मलेरिया, डेंगू ,चिकनगुनिया तथा दिमागी बुखार से बचाव संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई ग्राम के ऐसे क्षेत्र जहां जलभराव दिखाई दिया वहां कीटनाशक का छिड़काव कराया गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने **'मेरठ दर्पण'** न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
**सम्पादक- अंकित गुप्ता** RNI NO. UPHIN 2016/69845 **फोनः** 9897419837 **Email : mrtdarpan@gmail.com**
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।